केन्द्रीय भण्डारण निगम
(भारत सरकार का उपक्रम)
CENTRAL WAREHOUSING CORPORATION
(A Govt. of India Undertaking)
जन-जन के लिए भण्डारण/Warehousing for Everyone

No:टी.क्यू.सी/ विश्व खाद्य दिवस / 2022-23 दिनांक:-30.09.2022

क्षेत्रीय प्रबन्धक
केन्द्रीय भंडारण निगम ,
क्षेत्रीय कार्यालय ,
अहमदाबाद/ बंगलोर/ भोपाल/ चेन्नई/ चंडीगढ़/ दिल्ली/ गुवाहाटी/ हैदराबाद/ जयपुर/ कोलकाता/ कोच्चि/ लखनऊ/ मुंबई/ पटना

विषय:- विश्व खाद्य दिवस आयोजित करने के संबंध में |

जैसा कि यह विदित है कि विगत वर्षो कि तरह इस वर्ष भी संयुक्त राष्ट्र संघ (एफ़.ए.ओ) के तत्वाधान मे विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर 2022 को मनाया जा रहा है |इस वर्ष एफ़एओ के 77 वे स्थापना दिवस पर विश्व खाद्य दिवस का थीम "किसी को पीछे मत छोड़ो | "

वर्ष 2022 हमें विश्व में चल रही महामारी, संघर्ष का एक ऐसा माहौल पैदा करता है जो कि ग्लोबल वार्मिंग, बढ़ती कीमतों और अंतरराष्ट्रीय तनाव को रोक पाने में संभव नहीं है। इससे वैश्विक खाद्य सुरक्षा प्रभावित हो रही है। हमें एक स्थायी दुनिया बनाने की जरूरत है जहां हर किसी को, हर जगह पर्याप्त पौष्टिक भोजन की उपलब्धता हो। किसी को पीछे नहीं छोड़ना चाहिए। सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से आपसे यह अनुरोध है कि इस वर्ष भी सभी क्षेत्रीय कार्यालयो के अंतर्गत आने वाले भंडारगृहो में निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये |

- अपने- अपने क्षेत्रों में 15/16 अक्टूबर 2022 को विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर समारोह/ कार्यशाला एवं दूरदर्शन, आकाशवाणी, स्थानीय समाचार पत्र/पत्रिकाएँ अथवा प्रचार के अन्य माध्यमों से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाये।

इसके अतिरिक्त अखिल भारतीय स्तर पर उपरोक्त थीम पर 300 शब्दो मे हिन्दी या अंग्रेज़ी भाषा मे एक निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है | सभी प्रतियोगी अपने निबंध को ईमेल wfd.16102021@gmail.com के माध्यम से भेजे | निंबन्ध प्राप्ति की अंतिम तारीख 09.10.2022 है | इसके पश्चात प्राप्त होने वाले निंबन्ध पर कोई विचार नहीं किया जायेगा | CRWC के कर्मचारी भी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते है |

प्राप्त निबंधो का मूल्यांकन एक एक्सपर्ट कमेटी के माध्यम से किया जाएगा | प्रतियोगिता मे प्रथम पाँच आने वाले प्रतिभागियो को नगद अथवा उपहार वाउचर के रूप मे क्रमश: प्रथम (रु. 4000/-), द्वितीय पुरस्कार (रु. 3000/-), तृतीय (रु. 2000/-), एवं दो सांत्वना (रु. 1500/-), पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा |

आपसे अनुरोध है कि आपके अधीनस्थ इच्छुक आधिकारियों / कर्मचारियो एवम भंडारगृहो में कार्यरत स्टाफ को अधिक से अधिक संख्या मे निंबन्ध भेजने के लिए प्रेरित करे तथा यह भी सुनिशचित करे कि निंबन्ध के किसी पेज पर निंबन्ध लिखने वाले का नाम , पद व हस्ताक्षर नहीं होना चाहिए

विश्व खाद्य दिवस पर उपरोक्त गाइडलाइंस के आधार पर अपने-अपने क्षेत्रो में समारोह आयोजित करे तथा उनके समापन पर तकनीकी विभाग को रिपोर्ट प्रेषित करे |

सभी भंडारगृह प्रबन्धको को इस पत्र कि प्रतिलिपि उपलब्ध करवाए तथा अपने अधीनस्थ इच्छुक आधिकारियों / कर्मचारियो को इस विषय मे अवगत करना सुनिक्षित करे |

Digitally signed by
DR. SIDHARTH RATH
Date: 2022.09.30
18:00:21 +05'30'

विभागाध्यक्ष(पी.सी.एस. एवं तक.)

प्रतिलिपि:

1. सभी विभागाध्यक्ष केन्द्रीय भंडारण निगम, निगमित कार्यालय, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने अधीनस्थ इच्छुक आधिकारियों / कर्मचारियो को सूचित करे ताकि इच्छुक प्रतिभागी सही समय पर निबंध प्रेषित कर सके ।

2. वरिष्ठ सहायक प्रबन्धक, केन्द्रीय भंडारण निगम (प्रणाली), निगमित कार्यालय - इस पत्र को सीडबल्यूसी की वैबसाइट पर व्यापक प्रचार हेतु अपलोड करवाये ।

3. निदेशक (एम एंड सी.पी) के निजी सचिव, केन्द्रीय भंडारण निगम, निगमित कार्यालय, नई दिल्ली |

4. प्रबंध निदेशक के AM (Sectt.), सीआरडब्लूसी, नई दिल्ली |